हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

सप्तम् सत्र

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

बुधवार,18 दिसम्बर, 2024/27, मार्गशीर्ष, 1946 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 6

चिकित्सा भत्ता

407 **श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में विभिन्न विभागों में कितने दम्पत्ति अधिकारी/कर्मचारी एक ही स्थान पर कार्यरत हैं; और

(ख) इनको मिलने वाला मकान व चिकित्सा भत्ता नियमों के तहत प्रदान किया जा रहा है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 31.08.2023 तक इन पर कितनी धनराशि व्यय हुई है; ब्यौरा विभागवार दें?

रिक्त पद

509 **श्री नीरज नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला चम्बा में विभिन्न विभागों/बोर्डों/निगमों के कार्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं; और

(ख) इन स्वीकृत पदों में से कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा विभागवार, निगमों/बोर्डों सहित दें?

सृजित पद

605 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष से दिनांक 15.01.2024 तक प्रदेश सरकार ने कितने नए सरकारी नौकरी के पद सृजित किए हैं; विभागवार नए सृजित पदों का ब्यौरा दें?

रिक्त पद

646 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में वर्तमान में समस्त श्रेणियों के कुल कितने पद रिक्त हैं; इनमें से कितने पद काफी समय से बैकलॉग में चल रहे हैं; और

(ख) सरकार द्वारा गत वर्ष से दिनांक 15.01.2024 तक कितने लोगों को रोज़गार प्रदान किया गया; ब्यौरा विभागवार तथा पदवार दें?

आउटसोर्स कर्मचारी

672 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान सरकार द्वारा कुछ विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है; यदि हां, तो ब्यौरा विभागवार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार

दें; और

(ख) सरकार इन कर्मचारियों को पुनः रोज़गार देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

वेतन बिल

762 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में सरकारी विभागों, आयोगों, निगमों तथा बोर्डों में कितने अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं; ब्यौरा संख्यावार तथा उनके मासिक वेतन सहित दें; और

(ख) इनके कितने पेंशनर्ज़/फैमिली पेंशनर्ज़ हैं तथा उनका मासिक पेंशन बिल कितना है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

12 दिसम्बर, 2024. **सचिव**